हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# 24 घंटे में बदल गई तस्वीर : छह इंच बारिश से सुधरे अंचल के हालात नदी-नालों के साथ खेतों में पहुंचा पानी, आज भी भारी बारिश के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में मानसून के एक्टिव होने के बाद अंचल में महज 24 घंटे के भीतर तस्वीर बदल गई है, जो नदी-नाले सूखे पड़े हुए थे, वहां अब कई फीट तक पानी देखने को मिल रहा है। कमजोर मानसून से परेशान चल रहे जिलेवासियों को पिछले 24 घंटे में काफी राहत मिली है। कोटे से 55 फीसदी तक दूर चल रहे बारिश के आंकड़ों में पिछले दो दिनों में हुई छह इंच बारिश के बाद काफी हद तक सुधार आ गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी बेहतर बारिश की संभावना अंचल में बनी हुई है।

इधर भारी बारिश के बाद अंचल के सभी नदी-नालों में जलभराव बढ़ गया है। वहीं खेतों में भी अब बोनी के लिए पर्याप्त पानी किसानों के पास आ गया है। हालांकि भारी बारिश के चलते कई तरक की दिक्कतें भी देखने को मिली है। शहर से लेकर गांव तक निचले इलाकों में जलभराव की शिकायतें सामने आई। बिजली संबंधित शिकायतों में भी बारिश के बाद इजाफा देखने को मिला। प्रशासन भी अब नदी-नालों में पानी बढ़ने के बाद अलर्ट मोड पर आ गया है। नदी किनारे बसे गांव में भी अब मुनादी कराने की तैयारी कर ली गई है। विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक मध्य मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से भारी बारिश देखने को मिल रही है।

### जिले में बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट जारी, अब कोटे के करीब पहुंचा आंकड़ा



5 जुलाई



7 जुलाई

### आज भी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल 8 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र बस्तर संभाग के उत्तरी जिले और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित है।

### रविवार रात से बारिश

मौसम विभाग ने अंचल के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद रविवार की रात से सोमवार की देर शाम तक लगातार बारिश देखने को मिली। राजनांदगांव जिले में जहां इस दौरान 80 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 90 मिमी बारिश हुई है। खैरागढ़ जिले में 50 मिमी के करीब बारिश हुई।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनाझपटी आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** काम कर बाइक से घर जा रहे युवक से मोबाइल की छीनाछपटी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी को धारा 304 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 15 जून को राज इंपीरियल से काम कर अपने मोटर साइकिल से घर जा रहा था। रेवाडीह बायपास रोड में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सुनसान जगह में उसके सैमसंग मोबाइल को उसके जेब से छीनाझपटी कर भाग गया था। रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। विवेचना के दौरान 6 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रांसपोर्ट नगर चौक में एक व्यक्ति चोरी का मोबाइल अपने पास रखा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी टुकेश उर्फ राकेश नेताम 19 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री को चेक करने पर आरोपी के जींस पैंट के जेब से एक सैमसंग मोबाइल मिला। मोबाइल रखने के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मोबाइल को जब्त कर प्रार्थी का कार्यपालन दंडाधिकारी के समक्ष शिनाख्ती कार्रवाई किया गया। प्रार्थी द्वारा आरोपी की पहचान करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक राजेश कुमार साहू, सहायक उपनिरीक्षक अश्विनी यदु, ईश्वर यादव, आरक्षक राकेश ध्रुव, आरक्षक राकेश ठावरे की भूमिका सराहनीय रहा है।

### 91 सहायक शिक्षक की पोस्टिंग

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा विभाग ने आज 91 सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के पद पर पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं। जिसमें से अभी तक 48 सहायक शिक्षक प्रयोगशाला ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि राज्य शासन ने बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजित करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत विभाग ने पोस्टिंग आदेश जारी कर उन्हें छुरिया, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव ब्लॉक में पोस्टिंग दी है।

### शिक्षक की सेवा समाप्त

स्कूल में अनुपस्थित रहने वाले एक शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने आज निलंबित किया है। सूत्रों ने बताया कि छुरिया ब्लॉक के मोरकुटुम्ब प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक मुकेश कुमार मंडावी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। छग सिविल सेवा आचरण नियम के तहत शिक्षक मुकेश मंडावी की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त की गई है।

### पुलिस भर्ती के बाद अब फारेस्ट महकमे में भी हैदराबाद की कंपनी की गड़बड़ी उजागर

# कंपनी की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे 2773 युवा, दोबारा होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव पुलिस भर्ती में हैदराबाद की टाईम एडं टेक्नालाजी कंपनी द्वारा की गई गड़बड़ी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और अब फारेस्ट महकमे द्वारा वनरक्षकों की भर्ती में भी इस कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता नहीं कराने के चलते 2773 बेरोजगारों को अब दोबारा लंबी कूद का टेस्ट देना पड़ेगा। कंपनी द्वारा की गई इस लापरवाही से अभ्यर्थियों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले वन विभाग द्वारा राजनांदगांव के 48 पद और खैरागढ़ डिवीजन के लिए 59 पदों पर वनरक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया की गई थी। राज्य शासन ने इस भर्ती प्रक्रिया के लिए हैदराबाद की टाईम एडं टेक्नालाजी कंपनी को काम दिया हुआ है। यह वही कंपनी है, जिसने राजनांदगांव पुलिस भर्ती में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की थी। भर्ती में मिली शिकायतों के बाद इस कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय शासन ने इसी कंपनी को वन विभाग का जिम्मा भी सौंप दिया था। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद की कंपनी ने भर्ती प्रक्रिया में पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं कराए थे। जिसके कारण शुरूआत के चार दिनों में मैनुअल प्रक्रिया की गई थी। इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद फारेस्ट महकमे ने इसे काफी गंभीरता से लिया और शुरूआत के चार दिनों में लंबीकूद की प्रक्रिया को फिर से करने के आदेश जारी किए हैं। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद की इस कंपनी की लापरवाही से 2773 अभ्यर्थियों को दोबारा लंबी कूद की प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है।



फाईल फोटो

### कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं

पुलिस के बाद अब वन महकमे की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कंपनी की इस लापरवाही के कारण 2773 अभ्यर्थियों को दोबारा यह टेस्ट देना पड़ रहा है, फिर भी वन विभाग द्वारा कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस ने इस कंपनी पर कार्रवाई की मांग भी की है।

### सिर्फ चार मशीनें थी कंपनी के पास

सूत्रों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए कंपनी ने सिर्फ चार मशीनें ही यहां उपलब्ध कराई थी। प्रतिदिन एक हजार अभ्यर्थियों को लंबी कूद में भाग लेना था, लेकिन मशीनें कम होने के कारण इसे मैनुअल ही पूरा कराया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने ऑनलाइन प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए हैं।

### शीघ्र जारी होगी नई डेट

कंपनी ने शुरूआत के चार दिनों में मैनुअल टेस्ट लिया था। वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा लंबी कूद की प्रक्रिया कराई जा रही है। भर्ती प्रक्रिया की शीघ्र नई तिथि घोषित कर दी जाएगी।

- आयुष जैन, डीएफओ

### मूसलाधार बारिश से प्रक्रिया स्थगित

टाईम एडं टेक्नालाजी कंपनी की लापरवाही के चलते वन विभाग द्वारा सोमवार से दोबारा यह प्रक्रिया बजरंगपुर नवागांव के मैदान में शुरू होनी थी, लेकिन रविवार की रात से जारी मसूलाधार बारिश के कारण अफसरों ने इसे फिर स्थगित कर दिया। भर्ती प्रक्रिया के लिए चार दिनों का टाईम टेबल निर्धारित किया गया था, उसे भी स्थगित कर दिया गया है। कई अभ्यर्थी आज बारिश के बीच मैदान भी पहुंच गए थे, जिन्हें लौटाया गया।

# करवारी व मोहड़ कांड के मुख्य सरगना तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकूबाजी, चोरी और शराब की अवैध बिक्री जैसे मामले रोक पाने में असफल जिले की पुलिस बड़े मामलों को सुलझाने में भी पिछड़ी हुई नजर आ रही है। पिछले कुछ महीनों के दरमियान जिले में सामने आए दो बड़े मामलों करवारी में शराब की अवैध बॉटलिंग और मोहड़ में गोलीकांड में पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। इन दोनों ही मामलों में पुलिस की टीम मुख्य सरगना को पकड़ नहीं पा रही है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में पहले सप्ताह में पुलिस ने यह खुलासा किया था कि डोंगरगढ़ के करवारी में शराब की अवैध बॉटलिंग यूनिट काम कर रही है। इस मामले में मजदूरों के साथ ही कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन मुख्य सरगना को पकड़ने में पुलिस अब तक नाकाम रही है। इसके अलावा मोहड़ गोलीकांड में भी मुख्य आरोपी संजय सिंह की अब तक गिरफ्तारी ना होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। हालात यह है कि विपक्ष इन दोनों ही मामलों को लगातार उठा रहा है। उसके बाद भी दोनों ही मुख्य आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है।

### शराब उपलब्ध कराने वाला आरोपी पकड़ से दूर!

डोंगरगढ़ के करवारी स्थित एक फार्म हाऊस में पुलिस ने मध्यप्रदेश के शराब का जखीरा पकड़ा था। मौके से पुलिस ने साढ़े 27 लाख कीमत की 432 पेटी शराब बरामद की थी। मौके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में छत्तीसगढ़ के होलोग्राम व स्टीकर भी जब्त की थी। इस मामले में पुलिस शराब सप्लाई करने वाले सप्लार के अलावा नकली होलोग्राम, ढक्कन व अन्य सामान उपलब्ध कराने वाले करीब 17 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन खरगोन व छिंदवाड़ा के डिस्लरी से शराब की जखीरा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

### संजय अब तक फरार

इधर शहर के मोहड़ इलाके में जून महीने में घटित हुए गोलीकांड मामले में भी पुलिस ने भले ही जेसीबी संचालक, ड्राईवर, गोली चलाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हो, लेकिन इस मामले में मुख्य सरगना कहे जा रहे संजय सिंह तक अब भी पुलिस नहीं पहुंच पाई है। हालांकि पुलिस महकमा संजय सिंह की तलाश में टीमों के जुटे होने की बात कह रहा है, लेकिन लगभग एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

### एमआईसी की बैठक आयोजित

# पिछले महीने संचालित हो चुके सफाई ठेके को बैठक में मिली वृद्धि की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम की एमआईसी बैठक सोमवार को आयोजित की गई। महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में हुई इस एमआईसी बैठक में कुल 21 विषय शामिल किए गए। हैरान करने वाली बात यह है कि विषयों में जून महीने में संचालित हो चुके सफाई ठेके की वृद्धि का मामला भी शामिल था, जिसे भी स्वीकृत कर दिया गया है।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब जून महीने में पहले ही ठेका संचालित कर लिया गया है, तो अब इसे स्वीकृति क्यों दी जा रही है। बड़ी बात यह है कि अब तक सफाई ठेके का नया टेंडर नहीं हुआ है, यानि अब अगली एमआईसी बैठक में जुलाई महीने के लिए भी वृद्धि की स्वीकृति देनी होगी, लेकिन इस एमआईसी में जुलाई माह की वृद्धि का विषय को शामिल ही नहीं किया गया है। इधर सोमवार को हुई एमआईसी बैठक में सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में कुल 21 विषयों पर चर्चा के बाद एक विषय को छोड़कर शेष में स्वीकृति दे दी गई। ज्ञात हो कि शहर विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए एमआईसी की बैठक समय-समय पर की जाती है।

### कुल 29 ठेके संचालित

उल्लेखनीय है कि शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए ननि द्वारा कुल 29 ठेके का संचालन किया जा रहा है। इनमें 27 वार्ड के साथ ही हॉटबाजार एवं रात्रिकालीन सफाई का ठेका शामिल है। इन ठेकों का टेंडर पिछले साल किया गया था। जिसकी अवधि मार्च महीने में समाप्त हो गई है, परन्तु उसके बाद से ही इसको लगातार वृद्धि देकर संचालित किया जा रहा है। नया टेंडर कब होगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

**यह विषय भी शामिल :** सोमवार को हुई एमआईसी की बैठक में कुल 21 विषय शामिल थे। जिनमें जाति प्रमाण पत्र की स्वीकृति, आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति, ननि द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बैठक पंडाल एवं विद्युत व्यवस्था के लिए निविदा की स्वीकृति वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई गणेश चौक स्थित जर्जर सामुदायिक भवन को डिस्मेंटल करने की स्वीकृति जैसे विषय शामिल रहे।

# ट्रस्ट चुनाव: आज से नामांकन, 11 तक समय, 20 जुलाई को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत घोषणा हो गई है। मतदाता सूची के प्रकाशन बाद निर्वाचन अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर जेआर बरिहा की नियुक्ति की गई है। श्री बरिहा की उपस्थिति में आगामी 20 जुलाई को मतदान होगा।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार कल 8 और 9 जुलाई को नामांकन फार्म दिया जाएगा। आगामी 10 और 11 जुलाई को अभ्यर्थी नामांकन फार्म जमा कर सकेंगे। आगामी 12 जुलाई को नामांकन फार्म की जांच के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामाकंन प्रक्रिया के पहले ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्याशियों ने अपना प्रचार शुरू कर दिया है। आगामी 13 जुलाई से शहर में चुनाव प्रचार सुनाई देगा। बकायदा कार्यालय भी खोले जाएंगे और सभा भी होगी।

**बैठकों का दौर शुरू :** चुनाव को लेकर बैठक का दौर भी शुरू होने की जानकारी है। बताया जाता है कि भाजपा, कांग्रेस के साथ अन्य पार्टी के नेता भी चुनाव में अपनी रूचि दिखा रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के वह नेता जो एक-दूसरे को देखना पसंद नहीं करते थे, वह भी इस चुनाव में साथ दिखाई देने लगे हैं।

### निर्दलीय भी तैयारी में

संरक्षण श्रेणी के 522, आजीवन श्रेणी के लिए 884, साधारण श्रेणी के 1537 कुल 2943 मतदाता अपने मताधिकार कर उपयोग करेंगें। दोनों पैनलों के अलावा कुछ निर्दलीय भी चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार संरक्षण श्रेणी से प्रकाश अग्रवाल, आजीवन श्रेणी से महेंद्र अग्रवाल, साधारण श्रेणी से अशोक कुमार साहू, सौमित्र सोनी या उनके भाई के चुनाव लड़ने की चर्चा है।

# सिंगबोरा में ट्रैक्टर पलटने से 11 मजदूर घायल, 4 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम सिंगबोरा के भैंसा मरान नाला के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से उसमें सवार 11 मजदूर घायल हो गए। जिनमें से 4 को गंभीर चोंटे आने के कारण छुईखदान के शासकीय अस्पताल रेफर किया गया है।

बताया गया कि ग्राम कनसिंघा से ट्रैक्टर का चालक सिंगबोरा गांव में मजदूर लेने आया था। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सामबाई बैगा, समल सिंह बैगा, मनटोरी बैगा, सुरेखा मरकाम, सुखवारो धुर्वे, देववती बैगा, दशमत बैगा, प्यारी बैगा, महावती बैगा, धुरकुंवर बैगा, ब्रिच कुंवर, सूरजलाल मेरावी, सरजू मरकाम, लिलु मरकाम और बाबूलाल पंडरिया सहित कुल 15 मजदूरों को ग्राम चोभर में खेत में धान का थरहा (पौधा) लगाने के लिए ले जाया जा रहा था। इस घटना के संबंध में ग्रामीणों द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### जांच में जुटी पुलिस

ग्राम सिंगबोरा के भैंसा मरान नाला के पास तेज गति और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने के कारण ट्रॉली पलट गई। हादसे में सामबाई बैगा, समल सिंह बैगा, मनटोरी बैगा, सुरेखा मरकाम, सुखवारो धुर्वे, देववती बैगा, दशमत बैगा, प्यारी बैगा, महावती बैगा, धुरकुंवर बैगा और ब्रिच कुंवर को चोंटे आई। सभी घायलों को तत्काल साल्हेवारा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने सामबाई बैगा, समल सिंह बैगा, मनटोरी बैगा और सुखवारो धुर्वे को उच्च इलाज के लिए शासकीय अस्पताल छुईखदान रेफर कर दिया है।

### शामिल होंगे 3579 विद्यार्थी, पास होने पर अगली कक्षा में प्रवेश

# दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को दोबारा मौका, आज से शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को इस वर्ष आयोजित हुई परीक्षा में एक और अवसर देने के लिए बनाई गई नई योजना के तहत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा वर्ष 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित हो रही है, जो मुख्य परीक्षा में असफल रहे हैं या पूरक आए हैं या अपनी परीक्षा में अंकों में सुधार करना चाहते हैं। परीक्षा में सफल नहीं होने वाले और परीक्षा के प्राप्तांकों को सुधारने के लिए विद्यार्थियों को अवसर देने के उद्देश्य से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो। जिसके लिए अवसर परीक्षा आयोजित की जा रही है।




### 22 जुलाई तक होगी परीक्षा

कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा सुबह 9 बजे से आयोजित होगी। द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा वर्ष 2025 में जिले से कुल 3679 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में कुल 07 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें कक्षा 10वीं के कुल परीक्षार्थी 2236 और कक्षा 12वीं में 1443 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश

द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, जो अपने विकासखंड अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकने और परीक्षा के सफल संचालन के लिए निरीक्षण करेंगे।

## खबर संक्षेप



### जनसभा में शामिल हुए कांग्रेसी

**सड़क अतरिया।** कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को राजधानी में किसान, जवान, संविधान जन सभा का आयोजन किया। इस जनसभा में क्षेत्र के कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल भी टीम के साथ जनसभा में शामिल हुए।

### स्वयंसेवकों ने रोपे पौधे



**अर्जुनी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जंगलपुर में पौधरोपण गत 5 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना मिनीमाता शासकीय कन्या पालीटेक्निक ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं जिला संगठन मोनिका दास शामिल हुए। मिनी खेल स्टेडियम में 25 नग फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई । यह आयोजन प्राचार्य डॉ एमके चौबे के निर्देश एवं मोनिका दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### युवाओं ने मोहर्रम पर किया शरबत वितरण



**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार नर्मदा में मोहर्रम पर्व मनाया गया। इस मौके पर समाज द्वारा नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर करबला को याद कर शहादत को सलाम किया गया। युवाओं ने शरबत वितरण किया। मौके पर इरफान खान, इमरान बेग, अल्ताफ खान, सलमान बेग, शादीक खान, इरशाद खान, इनायत बेग, अयान खान, इकबाल बेग आदि मौजूद थे।

### उदयपुर सोसायटी परिसर में पौधारोपण



**सड़क अतरिया।** सेवा सहकारी समिति उदयपुर में गत दिनों फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, सोसायटी अध्यक्ष पूरन जंघेल, ग्राम पटेल उभय साहू, दशरथ यादव, समिति प्रबंधक श्री जंघेल, सोनाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

### धर्मनगरी में लगातार बढ़ रहे अपराध

**डोंगरगढ़।** नगर में नशीली दवा और शराब के कारोबार के कारण चाकूबाजी, मारपीट, लूटपाट जैसी घटना का इजाफा हुआ है। चाकूबाजी की घटना के बाद पुलिस आरोपी को पकड़कर वाहवाही लुट रही है लेकिन हथियार लेकर रंगदारी दिखाते युवा, नशीली दवाईयों के व्यापार पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई पहल नहीं की रही है। नगर में घटते व्यापार और उद्योगों की कमी से बेजरोगारी लगातार बढ़ रही है। बेकारी से हताश युवा नशा करने सहित उसके व्यापार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों से शहर में गुंडागर्दी, दर्शनार्थियों और बाहर आने वाले लोगों के साथ लूटपाट की घटनाएं लगातार हो रही है। वारदात होने के बाद भी पुलिस गस्त में कमी देखा जा रहा है। पुलिस की गैरमौजूदगी के कारण रात्रि 10 बजे के बाद युवको की अवारागर्दी बढ़ जाती है। हालात यह हो गए है कि लोग रात 11 बजे के बाद घर के बाहर निकलने से डरने लगे है।

# दिल्ली के छात्र ने देखा वनांचल के गांव और ग्रामीणों की दशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बांधाबाजार

गांव और ग्रामीणों की दशा से रूबरू होने के लिए शिव नादर यूनिवर्सिटी नोएडा के रूरल मैनेजमेंट का छात्र परिमल ओरांव ने बीते दिनों तहसील अंबागढ़ चौकी के विभिन्न गांवों का दौरा किया।

अध्ययन के दौरान श्री ओरांव ने बताया कि अंचल के लोग अभी भी उच्च शिक्षा से वंचित है। गांव तक पहुंचने के लिए परिवहन के साधन नहीं है। यहां आज भी रूढ़िवादी प्रथा मानने वाले लोग है। गांव में योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है किन्तु लोग योजना का शत प्रतिशत लाभ नहीं ले रहे है। जिला पंचायत सदस्य शांति बाई त्रिपुरे ने बताया कि अंचल में शाला तो है लेकिन शिक्षक की कमी है। जनपद सदस्य श्यामलाल चंद्रवशी ने बताया कि अंचल के लोग कृषि और वनोपज पर निर्भर है लेकिन वन जमीन पर अतिक्रमण होने के कारण वनोपज का रकबा कम हुआ है जिससे आय का स्त्रोत प्रभावित हुआ है।

### बाल विवाह नहीं

अपने प्रवास के दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम पटेल, कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, महिला समूह अध्यक्ष, पंच आदि से जानकारी प्राप्त की। जानकारी के अनुसार अंचल में बाल विवाह करने वाले की लोगों की संख्या शून्य है। डॉ श्री सिन्हा और धीरेन्द्र कुमार नायक ने बताया कि उपचार के दौरान अधिकतर महिलाओं में खून की कमी नजर आती है जिसे दूर करने जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है।



### फूड पैकेट गुणवत्ताहीन

आंगनवाड़ी केंद्र से जानकारी प्राप्त हुई हैं कि बच्चों को जो फूड पैकेट मिल रहा है वह गुणवत्ता पूर्ण नहीं होता है। बच्चों की माताएं घर में सही तरीके से खा नहीं रही हैं और बच्चो को भी नहीं खिला रही है, इसलिए गरम भोजन आंगनवाड़ी में बच्चों को देना चाहिए। अध्ययन भ्रमण के दौरान समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था के जयदेव मोहुर्ले और पीपली तारा फाउंडेशन के नीरज कुमार चंदेलिया ने सहयोग दिया।

### बारिश से खुश हुए किसान, बढ़ी शहर के लोगों की दिक्कतें

# लगातार बारिश से नालियां लबालब, घरों में घुसा पानी

### प्रशासनिक तैयारियों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबागढ़ चौकी

रविवार से रूक रूक कर हो रही बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल गए है। वहीं निकाय क्षेत्र में नालों, नालियों के किनारे स्थित मकानों एवं झुग्गी क्षेत्र में जलभराव होने से परेशानियां खड़ी हो गई है।

अषाढ महिने में रविवार से हो रही निरंतर बारिश को लेकर क्षेत्र में अलग अलग माहौल देखने मिलने लगा है। रविवार सुबह से जारी बारिश से किसानो के चेहरे खिल गए है। खेती के काम में तेजी आ गई है। लेकिन पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश ने निकाय क्षेत्र में नालों एवं नालियो की सफाई की पोल खोल दी है।

नगर पंचायत की पार्षद कविता यादव ने बताया कि रविवार रात हुई बारिश से तुलसी पटेल, हितेन्द्र पटेल सहित अन्य के मकानो में बरसात एवं नाली का पानी घुस गया।

पानी मकान में भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रीमती यादव ने बताया कि जलभराव की जानकारी उन्होने अध्यक्ष एवं निकाय के अधिकारी को दी है। अध्यक्ष के निर्देश पर सफाई टीम ने दो घंटे तक प्रयास कर हालात पर काबू पाया है।



### हालात से निपटने अमला मुस्तैद

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि मानसून आने के पूर्व निकाय द्वारा प्री मेंटनेन्स किया गया है। बारिश व बाढ से जलभराव सहित अन्य समस्या के निराकरण के लिए निकाय का अमला मुस्तैद है।

### आधे से ज्यादा वार्डों में परेशानी

नगर पंचायत के वार्ड 6 एवं 7 कान्हे नगर से हाथीकन्हार जाने वाले मार्ग में बारिश के बाद जलभराव एवं कीचड की समस्या बनी है। इसी तरह वार्ड 14 एवं 15 में नाला निर्माण नही होने से नालियो में जलभराव की समस्या आ रही है। जनपद पंचायत के पीछे कालोनी, नया हास्पिटल मार्ग, गायत्री कालोनी, शहीद भगत सिंह वार्ड में नालियो एवं नाला का निर्माण नही होने से जलभराव की समस्या है। इस क्षेत्र के नागरिक बारिश होने के बाद से आवागमन को लेकर काफी परेशान है। इसके अलावा परमेश्वरी नगर, ट्रायबल कालोनी तथा आउटर में बसी झुग्गी बस्तियों के लोग भी जलभराव एवं कीचड़ से परेशान हैं।

### तो नदी किनारे बस्ती में होगा जलभराव

पिछले साल आई बाढ को नगरवासी अभी भूले नही है। बीते साल मोटर बोट चलाकर नदी किनारे बसे लोगो को बाहर निकाला गया था। छग और महाराष्ट्र सीमा में बारिश जारी रही और मोंगरा बैराज से पानी छोडा गया तो शिवनाथ नदी के किनारे बसे वार्ड 12, 13, 14, 11, 8 एवं 5 की बस्ती बाढ की चपेट में आ जाएगी। बाढ आने पर शिवनाथ नदी से सौ मीटर का एरिया साप्ताहिक बाजार, गंज तथा लिंक कोर्ट के पीछे बस्ती तथा शहीद भगत सिंह वार्ड का कुछ इलाके में पानी भर जाता है।

# पुल क्षतिग्रस्त, सड़क जर्जर गांव में कैद हो जाएंगे ग्रामीण

### प्रशासन ने एक साल में नहीं किया वैकल्पिक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत कृतबास और बिरखा के बीच स्थित नदी पर 10 साल पहले पुल बनाया गया था। पिछले साल भारी बारिश के कारण यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया। पुल का एक तरफ का पाया धंस गया है, जिससे स्लैब तिरछा हो गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से गाड़ियों की आवाजाही बाधित है। पुल क्षतिग्रस्त हुए लगभग एक साल हो चुका है, लेकिन अब तक न नया पुल बनाया गया और न ही आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार कृतबास और बिरखा के ग्रामीणों के लिए गंडई जाने के तीन ही मार्ग हैं। इनमें से एक मार्ग पर स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। दूसरा मार्ग मगरकुंड और पैलीमेटा होकर नर्मदा से काफी लंबा है। तीसरा मार्ग कृतबास से बुढ़ासागर जाने के लिए धरसा मार्ग है, जिसकी स्थिति बारिश में चलने लायक नहीं रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में अधिक बारिश होने पर पुल के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने की आशंका है जिससे ग्रामीणों की आवाजाही बंद हो जाएगी। ग्राम पंचायत कृतबास और बिरखा के ग्रामीण अपने गाँवों में ही कैद होकर रह जाएंगे। मगरकुंड के रास्ते शहर जाना चाहें तो वहाँ भी नदी होने के कारण वह उस रास्ते का उपयोग नहीं कर पाएंगे। उनके सामने एक ही विकल्प रह जाएगा वह है कृतबास से ग्राम बुढ़ासागर जाने का धरसा मार्ग।



### मार्ग मरम्मत की आवश्यकता

ग्राम पंचायत और प्रशासन की अनदेखी के कारण धरसा मार्ग भी साइकिल चलाने लायक नहीं है। विपरीत परिस्थितियों में गाँव में एम्बुलेंस तक नहीं पहुँच पाएगी, जिससे गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। विपरीत परिस्थिति आने से पहले धरसा मार्ग की मरम्मत कराना आवश्यक है। ग्राम के धर्मेंद्र पटेल और रवि धुर्वे ने पंचायत और प्रशासन से धरसा रोड की मरम्मत कराने की मांग की है।

### मरम्मत के लिए फंड नहीं

ग्राम पंचायत कृतबास के सरपंच अमन झारिया ने बताया कि ग्रामीण धरसा रोड की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, परंतु पंचायत में फंड नहीं है। इस मामले को लेकर जल्द ही जनपद में बात रखेंगे और धरसा रोड की मरम्मत कराने का प्रयास करेंगे। जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ रवि कुमार ने बताया कि कृतबास और बुढ़ासागर से संपर्क कर जानकारी लेकर यथासंभव धरसा रोड मरम्मत कार्य कराने कहा जाएगा।

### मुखर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में दिया महत्वपूर्ण योगदान

**राजनांदगांव।** नगर निगम के वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। वे एक प्रतिष्ठित परिवार से थे और शिक्षा के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो उस समय के गैर-कांग्रेसी हिन्दुओं को एकजुट करने का एक प्रयास था। डॉ. मुखर्जी एक प्रभावशाली राजनेता और मंत्री भी रहे, जिन्होंने उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली।

### सभाओं में डॉ. मुखर्जी के आदर्शों और विचारों पर डाला गया प्रकाश, अन्य आयोजन हुए

# प्रखर राष्ट्रवादी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया नमन









हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

जनसंघ के संस्थापक डॉं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मुसरा- मुरमुंदा मंडल के साहु सदन मुरमुंदा में मनाया गया। भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने डॉं मुखर्जी की जीवनी को विस्तार पूर्वक कार्यकताओं के सामने रखा। इस दौरान बोधीराम साहू, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, टामेश्व साहू, रोशन साहू, अमित देशमुख, कंवल निर्मलकर, राकेश महिलांगे, विनम साहु, ओम साहू, दुर्गेश सिन्हा, नरेश पिपरकाठ, मूलचंद साहू, चेतन कुंजाम, फत्तेलाल देवांगन, रामअवतार वर्मा, मनोज देवांगन, ब्रम्हा वर्मा, विरेन्द्र विश्वकर्मा, उत्तम वर्मा, ओमप्रकाश साहु, भानु पटेल, घनाराम साहु, तिलक वर्मा, निर्मल, आनंद नेताम, विभीषण साहु, भैया शर्मा, युपेश साहु मौजूद थे। मंडल महामंत्री तामेशवर साहू ने आभार प्रकट और संचालन कंवल निर्मलकर ने किया।

### जयंती पर किया फल वितरण

डॉ. मुखर्जी की जयंती के अवसर पर रविवार को मंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। सर्व प्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र' में माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामजी भारती, सुरेंद्र बन्नौआना, विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, सुनील जैन चीकू, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, जसमीत सिंह बन्नोआना, विनीत यादव, विनय बंसल, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, सुमित मिश्रा शामिल हुए। मुख्य वक्ता श्री भारती ने डॉ. मुखर्जी के जीवन से जुड़ी बातें एवं उनके संघर्षों को बताया। शशिकांत द्विवेदी ने उनके जीवन से सीख लेकर समर्पित भाव से काम करने प्रेरित किया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण एवं पौधरोपण किया गया। इस दौरान सरफराज नवाज, भागवत नामदेव, कैलाश सोनवानी, मुकुंद कंडरा, अलका सहारे, सत्यप्रकाश मिश्रा, अनिल पांडे, अनिता इंदुलकर, लोकेश इंदुलकर, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, मोंटीसिंह भाटिया, शुभम परिहार, ललित शर्मा, सावन टेंभुलकर, कन्हैया अग्रवाल, पार्षद डी एकेश राव, बबिता मालगार, शिवांगी साखरे, शारदा यादव आदि मौजूद थे।

**पटेवा।** मंडल भाजपा ने घुमका के सतनाम भवन में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य प्रवक्ता अतुल रायजादा, किरण विनोद बारले थे। मुख्य वक्ता श्री रायजादा ने श्री मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। जिपं सदस्य श्रीमती बारले ने भी उनके कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, नोहेंद्र सिन्हा, अजय ठाकुर, रामदास कोसरे, खेमलाल साहू, दिलीप पटेल, भारत वर्मा, अनिल चंदेल, फागु यादव, प्रमोद दुबे, जीवराखन साहू, राजकुमार लहरे, कमलेश साहू, बंशी साहू आदि उपस्थित थे।

**कुमरदा।** राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती ग्राम में मनाया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू, मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, सरपंच संघ अध्यक्ष दीनदयाल साहू, सरपंच नूनकरण भुआर्य, दिग्विजय साहू, चितरेखा साहू, रामाधार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश साहू, डोमेश्वर साहू, योगेन्द्र राजपुत, योगेश पटेल, नवीन साहू, राजूगिरी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

**मोहला।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जिला मुख्यालय मोहला में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिला भाजपा शोसल मीडिया प्रभारी योगेन्द्र सिंगने ने डॉ. मुखर्जी द्वारा देशहित में किए गए अद्वितीय कार्य को रेखांकित किया। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने डॉ. मुखर्जी के विचारों और उनके समर्पण को याद करते हुए युवाओं को उनके पदचिह्नों पर चलने प्रेरित किया। संचालन सदानंद तारम एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर राजीव तिवारी, देव प्रसाद नेताम, प्रमिला डेहरे, श्रीमती जयसवाल, मनोज नेताम, सुधीर पिल्ले, नंदकुमार अमरिया, धनेश यादव, नंदु निषाद, मोनू वर्मा, न्रशिकांत निकोडे सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**एलबी नगर।** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर ग्राम में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर आयोजित सम्मेलन में डा मुखर्जी के राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डड़सेना ने बताया कि कश्मीर में धारा 370 का विरोध सबस पहले किया। उनका एक विचार था कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान और दो संविधान नहीं होना चाहिए। उन्होंने अंतिम सांस तक धारा 370 को हटाने संघर्ष करते अपने प्राणों की आहूति दी थी। अन्य वक्ताओं ने भी डा मुखर्जी के कार्यों को याद किया। अंत में नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।इस मौके पर गिरवर साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे, अनिता मंडावी, राजेंद्र तिवारी, वेदराम ताम्रकार, शत्रुहन वर्मा, रामाधार देवांगन, हेमलाल वर्मा, कैलाश ऊके, गोदावरी निषाद, पुष्पा सिन्हा, अवध साहू, राजकुमार ताम्रकार, मृगलाल साहू, रामजी साहू, राजेश देवांगन, जीलू साहू, रेवाराम सिन्हा, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर, शिव बल्हारे, जसबीरसिंह चौहान, देवेन्द्र नंदेश्वर, पिताम्बर सिन्हा, गुलाब साहु, खेदू साहू, चोवाराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

**गंडई पंडरिया।** गंडई भाजपा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकर ने डॉ. के जीवन, विचारों और दूरदृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवनकाल में भारत के उत्थान के लिए बहुत कुछ किया है। जीवनदास रात्रे ने डॉ. मुखर्जी के जीवन की महत्वपूर्ण बातें साझा की। अंत में दूजे राम वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकर, राकेश जायसवाल, विक्की अग्रवाल, भीखू हिरवानी, लीलाराम साहू, रामा साहू, राकेश टंडन, पार्षद अशोक पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ देंगे सेवा

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डॉ. अनुपमा अस्थाना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और डॉ विजय श्री जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेवाएं देंगी। इसी प्रकार डॉ अपूर्व वर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक सेवाएं देंगे। सभी डाक्टर्स 7 जुलाई से धर्मार्थ चिकित्सालय में उपलब्ध रहेंगे। ट्रस्ट समिति ने नागरिकों से सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### सुखद जीवन के लिए लगाए पौधेः गांधी



**डोंगरगांव।** सेवा सहकारी समिति दीवानभेड़ी परिसर में गत दिनों वृहद पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। स्वागत के बाद श्री गांधी ने कहा कि जीवन में पेड़ो का बड़ा महत्व है।पेड़ो में देव विराजमान होते है इसलिए हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का जीवन सुखमय हो। इस मौके पर सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला आदि के पौधे रोपे गए। सुरक्षा का भी इंतजाम किया गया। इस मौके पर रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, योगेश पटेल, हेनुराम साहू, प्रशांत बाजपेई, पंचराम, मनोज साहू, नसीब रात्रे, होलीराम, नोहर, भुवन, दिलीप, गोवर्धन, रविकांत, टुकेश्वर, चिंता, थानवार आदि मौजूद थे।

### सावन में रोज होगी पार्थिव शिवलिंग की पूजा



**अंबागढ़ चौकी।** शिवनाथ नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में श्रावण मास भर प्रति दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन, रुद्राभिषेक एवं महाशिवपुराण कथा का आयोजन होगा। कथावाचक चित्रकूट धाम के महेंद्र कृष्णा शास्त्री होंगे। कार्यक्रम के तहत 10 जुलाई को शिवनाथ नदी के तट से जलपूजन कर कलश यात्रा निकाला जाएगा। श्रावण मास में प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक किया जाएगा। शाम को 4 से 7 तक महाशिव पुराण एवं राम कथा का वाचन आचार्य महेंद्र कृष्णा शास्त्री द्वारा किया जाएगा। महावीर मंदिर न्यास के अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल, संरक्षक पवन गुप्ता ने बताया कि सर्व मनोरथ हेतु महा रुद्र पाठ प्रतिदिन किया जाएगा। समिति के बिसाहू मानिकपुरी, सतीश खंडेलवाल, दिनेश ताम्रकार, शंकर खंडेलवाल, सुक्रीतदास मानिकपुरी, यश घिया, सिद्धु खंडेलवाल, नरसिंह यादव ने सभी से आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### एसपी के नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट

# अपराध पर रोकथाम को लेकर पुलिस सतर्क, हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के साथ साथ शांति, सुरक्षा को लेकर एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस मैदान में उतरकर तत्तपरता से कारवाई कर रही है। साप्ताहिक रिपोर्ट अनुसार जुलाई महीने के पहले सप्ताह पुलिस ने पूरे जिले में आबकरी एक्ट के तहत 36-च,1 के 15 प्रकरण, 36-सी के 20 प्रकरण, 34-1 ब के 9 प्रकरण, 34-2 के 02 प्रकरण मिलाकर कुल 46 व्यक्तियों पर कानूनी कारवाई की है।

## आबकारी एक्ट के तहत धरपकड़ जारी




### बकरकट्टा पहुंचे आईजी-एसपी

पुलिस का आम जनता से सीधे संवाद को बेहतर बनाने महीने के पहले और तीसरे गुरूवार को जिले भर के थाना व पुलिस चौकी मे थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम मे पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य और पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा द्वारा थाना साल्हेवारा एव बक्करकट्टा में चौपाल के माध्यम से शिकायतों का निराकरण किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से स्कूली बच्चों को बैग, पेन एवं रेनकोट जैसे जरूरतमंद सामानों का वितरण किया गया और साथ ही उपस्थित आम जन को समझाइश दिया गया कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करे। साइबर संबंधी अपराधों से कैसे बचा जाए इस पर भी विस्तार पूर्वक समझाया गया।

### कोटपा एक्ट के तहत 16 व्यक्तियों पर कार्रवाई

थाना गंडई में सट्टा जुआ एक्ट के तहत एक प्रकरण में आरोपी को सट्टा पट्टी सहित गिरफ्तार किया गया। कोटपा एक्ट तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 16 व्यक्तियों पर कारवाई कर कुल 32 सौ रुपए का अर्थदंड लगाया गया। जिले में शांति सुरक्षा को लेकर शांति भंग करने वालों पर प्रतिबंधात्मक धारा 170/126,135-3 के तहत 5 प्रकरण में 6 व्यक्तियों पर और धारा 126,135-3 के तहत 25 प्रकरण में 40 व्यक्तियों पर कारवाई की गयी। ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 1 जून से 6 जुलाई की अवधि में कुल 49 महिला और 12 पुरुष इस प्रकार कुल 61 गुम इंसान दस्तयाब किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 220 प्रकरण जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने का एक और माल वाहनों में यात्री परिवहन का दो प्रकरण शामिल है दर्ज किया गया और 1 लाख 1 हजार 800 रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

# सचिव निलंबित, पूर्व सरपंच पर अब तक कार्रवाई नहीं

### सड़क चिरचारी में मासूम बच्चे की मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम पंचायत चिरचारी में पांच वर्षीय मासूम बच्चे की सूचना पटल गिरने से मौत हो गई थी। मामले की जांच के लिए कलेक्टर ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था।

जांच के बाद सचिव को निलंबित कर दिया गया लेकिन निर्माण कराने वाले पूर्व सरपंच के खिलाफ अब तक आरोप तय नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में गत दिनों सूचना पटल गिरने से युवांशी निषाद की मौत हो गई थी।

घटना के बाद घटिया निर्माण की पोल खुल कर सामने आ गई थी। गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व सरपंच द्वारा निर्माण में भर्राशाही करने के कारण मासूम बालक को जान से हाथ धोना पड़ा ।

घटना की खबर मिलने पर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई एवं पीड़ति परिवार को मुआवला देने की मांग की थी।



### नहीं सौंपी गई जांच रिपोर्ट

सूचना पटल के गिरने से मासूम की मौत के बाद प्रशासन सजग हुआ। कलेक्टर ने जांच टीम को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन लगभग दो सप्ताह बीतने के बाद भी जांच रिपोर्ट सौंपा नहीं गया है।

### ठंडे बस्ते में जांच

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच का जिम्मा सौंपा था। जांच समिति में अपर कलेक्टर सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण विभाग के ईई एसके चौरसिया, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक के साथ एसडीएम श्रीकांत कोर्राम एवं जनपद सीईओ होरीलाल साहू सड़क चिरचारी पहुंचे थे। निर्मात कराने वाले तत्कालीन सरपंच, सचिव, इंजीनियर को नोटिस थमाकर स्पष्टीकरण लिया। मामला को बढ़ते देख जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण में लापरवाही बरतने पर सचिव मनसुखलाल साहू को निलंबित कर दिया। वहीं निर्माण कराने वाले पूर्व सरपंच पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# नौ महीने से बर्खास्त बीएड अर्हताधारियों की सरकारी नौकरी में वापसी, पदनाम बस बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साल भर पहले सेवा समाप्ति का दंश झेल रहे बीएड अर्हताधारी 32 सहायक शिक्षकों ने जिला शिक्षा कार्यालय में उपस्थिति देकर नियुक्ति आदेश लिया। जानकारी अनुसार मई 23 में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था जिसमें व्यापम के माध्यम से परीक्षा भी हुई। जुलाई 23 में घोषित परिणाम के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया और बीएड अर्हताधारियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति ओदश जारी किया गया।

नौकरी के महज नौ महीने बाद अप्रैल 24 मे हाईकोर्ट द्वारा याचिका पर सुनवाई बाद जारी निर्णय अनुसार उनकी सेवा समाप्त कर दिया गया था जिसके बाद प्रदेश शासन ने उक्त बर्खास्त बीए अर्हताधारी शिक्षकों के पक्ष में नीतिगत निर्णय लेते हुए उन्हें सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया जिसके बाद शासन के आदेश पर जिलेवार रिक्त हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो में प्रयोगशाला सहायक के पदों पर ओपन काउंसलिंग में चयन बाद नियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम मे जिले मे हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में रिक्त 74 पदों के विरूद्ध पहले चरण में 32 की ज्वाइंनिंग दी जा रही है। उक्त सभी कार्यभार ग्रहण तिथि से अगले आदेश तक तीन साल के लिए परिवीक्षा अवधि में कार्य करेंगे।

### नौ महीने का दंश झेल कर लौटे

सहायक शिक्षक के रूप मे सरकारी नौकरी लगने और नौ महीने तक बर्खास्तगी का दंश झेलने के बाद अब सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद मे दुबारा ज्वाइनिंग को लेकर बीएड अर्हताधारियों में काफी खुशी देखी जा रही है। परिजनों के साथ डीईओ आफिस पहुंचे जिले के नए शिक्षकों ने बताया कि सरकार का यह कदम काफी नीतिगत और उनकी योग्यतानुरूप लिया गया निर्णय है। नौ महीने दिल दिमाग और परिवार के बीच उनके भविष्य को लेकर छाया असमंजस का साया नियुक्ति आदेश लेने के साथ ही स्वमेव खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बनाने वो पूरी क्षमता से काम करेंगे। सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने भी साय सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश बाद ओपन काउंसलिंग मे चयनितो को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर जिले के 32 हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो मे ज्वाइनिंग का लेटर निकाला गया है।

# तालाब बेचने के मामले की जांच शुरू

### जांच टीम पहुंची गांव, दस्तावेजों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में दान में मिले तालाब का बिक्री के मामले की विभागीय जांच शुरू हो गई है। जांच में कई चौंकाने वाली जानकारी निकल कर सामने आ रही है। सोमवार को अपर कलेक्टर रेणुका रात्रे, अनुविभागिय अधिकारी अविनाश ठाकुर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों ने गांव पहुंच कर ग्रामीणों से चर्चा किया। पंचायत एवं ग्रामीणों के पास उपलब्ध दस्तावेज का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि गांव का तालाब काफी पुराना है। गांव में निस्तारी के लिए एक ही तालाब है। पुराने समय से लोग इस तालाब का उपयोग निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। तालाब को लगभग चार दशक पहले जमीन मालिक जौहरी दास ने दान में दिया था। जानकारी अनुसार जल से भरे तालाब की खरीदी बिक्री नहीं हो सकती है पर इस मामले में यह हुआ है। वही दूसरी ओर उच्च न्यालय बिलासपुर से निर्देश लेकर तालाब सहित इससे संबधित अन्य भूमि पर पहले से रोक लगी है।



### नामांतरण निरस्त करने की मांग

दान में मिले तालाब को एक व्यक्ति विशेष द्वारा बेच दिया गया है। ग्रामीणों ने नामांतरण को निरस्त करने और तालाब को सार्वजनिक रखने की मांग की है। इस तालाब का गांव में दूसरा विकल्प नहीं है। कुछ वर्ष पहले तालाब गहरीकरण भी कराया जा चुका है।

### फैसला न्यायालय से

अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्षकारों से बात तथा पुराने दस्तावेज का प्रमाण लेकर जांच किया जा रहा है। तालाब भूमि का मामला पहले से न्यायलय में विचाराधीन है। जांच रिपोर्ट सौंपा जाएगा। मामले का फैसला न्यायलय से होगा।

### आम सूचना के बाद तालाब की बिक्री

जानकारी अनुसार जौहरी दास की कोई संतान नहीं थी। उसके एक पारिवारिक सदस्य ने जमीन बंटवारा को लेकर न्यालय में अपील किया था। इसी वर्ष जून में हाईकोर्ट बिलासपुर से अनुमति लेकर समाचार पत्र में आम सूचना प्रकाशित कराया गया था। लगभग दो दर्जन अलग अलग खसरा नम्बर की जमीन के खरीदी बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाया गया था जिसमें तालाब का खसरा नंबर भी शामिल है। आम सूचना जारी होने के एक माह बाद ही सार्वजनिक तालाब को बेचने मामला सामने आया है।

# सेवानिवृत्त संजय तिवारी को बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ भौतिकशास्त्र विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन संजय तिवारी गत 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। पूर्व प्राचार्य डॉ केएल टांडेकर एवं वर्तमान प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती की उपस्थिति में बिदाई समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने श्री तिवारी के साथ अपने अनुभव का साझा किया। पूर्व प्राचार्य डॉ टांडेकर ने कहा कि श्री तिवारी अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ सेवाकाल में समय के पाबंद रहे। प्राचार्य डॉ. रेवती ने उनके साथ किए कार्य के अनुभव साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। अंत मे श्री तिवारी ने 41 वर्ष 8 माह के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति आया है उसे एक दिन मरना है, इसी प्रकार शासकीय सेवा आने पर एक दिन सेवा निवृत्त होना पड़ता है। अंत में मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री तिवारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, नीलम चतुर्वेदानी, ओपी वर्मा, एचआर पदमें, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढ़े आदि उपस्थित थे। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन जीके यादव ने किया।

## साक्षी जैन बनी सीए



**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कीर्ति जैन की बेटी साक्षी जैन ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली सीए की परीक्षा में कामयाबी हासिल किया है। इससे पहले जैन समाज की बेटी रागिनी जैन और बहु हीना मंगल जैन इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर चुकी है। प्रारंभ से मेधावी साक्षी जैन ने प्रारंभिक से लेकर माध्यमिक शिक्षा एनपीएस राजनांदगांव से हासिल किया। सीए विनोद सादानी को अपना मार्गदर्शक मानने वाली साक्षी ने सीए की प्रारंभिक तैयारी रायपुर के एक्सेल कॉलेज से किया। साक्षी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दिगंबर जैन समाज के संरक्षक देशराज जैन, अध्यक्ष सतीश जैन, दादा जिनेन्द्र जैन, गिरीश जैन, मनीष जैन, राहुल राही, सिंघई योगेश, संदीप जैन, सौरभ, अंशुल, प्रबोध, धर्मेंद्र, समीर, प्रमोद, प्रियंक, प्रफुल जैन, राजा, शैलेश, अजय जैन, श्याम किशोर, वीरेंद्र, अभिनव आदि ने बधाई दी है।

# कैंटीन में 50 रुपए में मिलेगा भरपेट खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत में महिला समूह ने भोजन कैंटीन शुरु किया है। पूजा अर्चना एवं फीता काटकर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष, नागरिक रोमी भाटिया, उपाध्यक्ष भूषण नेताम ने फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। इस कैंटीन का संचालन मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। यहां आम लोगों को तीन रोटी, एक कटोरी दाल, एक कटोरी सब्जी, एक प्लेट चावल मात्र 50 रुपए में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सामग्री लेने पर अलग से राशि देना होगा। लोगों को भोजन 11. 30 बजे से 5.30 बजे तक मिलेगा। यहां टिफिन सुविधा भी उपलब्ध है।



उद्घाटन समारोह में मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह को वित्तीय अनुदान दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मां फाउंडेशन के संजय तारम, बीरमबाई उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनभावन ऊईके ने किया। इस अवसर पर पुष्पलता उईके, कुमारी चंद्रवंशी, किरण यादव, सलमा बेगम, ललिता साहू, कुमारी साहू, आशियाना बेगम, लक्ष्मीबाई, सुलोचना मंडावी, सोनम कुमरे, श्रद्धा, दिलेश्वरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### नशा के दुष्परिणाम के प्रति लोगों को किया जागरूक

# सरकार को अपनी नीतियों को और सख्त करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लूएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर 12 से 26 जून तक नशामुक्त भारत अभियान पखवाड़ा चलाया गया है। जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा सिगरेट, शराब, गांजा, अफीम से लेकर सिंथेटिक ड्रग्स आदि के दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणाम के प्रति लोगों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि युवा वर्ग आज नशे की दल-दल में फंस रहे हैं। नशा कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन इसका स्वरूप और प्रभाव आज पहले से कहीं अधिक भयानक हो चुका है। भारत में 15 से 24 आयु वर्ग के बीच नशीले पदार्थों का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। युवा पीढ़ी नशे की ओर तेजी से



आकर्षित हो रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा भी नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलवाया जा रहा है। विद्यार्थियों ने जनजागरूकता रैली, शपथ एवं प्रतिज्ञा संकल्प लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। छात्रों ने स्वयं तथा परिवार और आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने हेतु आह्वान भी किया।

### गुणवत्ता में सुधार की जरूरत

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सरकार को अपनी नीतियों को और सख्त करना होगा। नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता में सुधार करने होंगे। हमें स्वीकार करना होगा कि नशे से बचने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी खुद युवाओं की है। जीवन में कठिनाइयां आती है, लेकिन उनका सामना नशे से नहीं, बल्कि हिम्मत और सूझबूझ से करना चाहिए। आज महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं ने नशे के खिलाफ एक कदम उठाते लोगों को जागरूक करने का कार्य प्रारंभ किया है, जो निश्चित ही सराहनीय पहल है। अंत में विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलवाया गया एवं ऑनलाइन नशामुक्त भारत पखवाड़ा में नशे के खिलाफ शपथ लेकर मिशन ड्रग फ्री कॅम्पस का सर्टिफिकेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से प्राप्त किया गया एवं विद्यार्थियों द्वारा लोगों को आह्वान किया गया। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# सौहार्द्र के साथ मनाया गया यादे हुसैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मोहर्रम माहीने इस्लामिक नए साल का आगाज होते ही, मोहर्रम की पहली तारीख से दस मोहर्रम तक यादे हुसैन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्थानीय जामा मस्जिद में इमाम आकिब रजा और नायब इमाम सफ़ाअत रसूल ने दस दिनों तक तिलावत और शहीदाने कर्बला पर तकरीर किया, जिसे सुनकर मुस्लिम समाज के लोगों की आँखें नम हो गई। इसी तरह मुस्लिम महिलाओं का भी दस दिनों तक मस्जिद हॉल में आलिमा शाहनुमा फातिमा और शाहीन फातिमा ने नात और शहीदाने कर्बला का तकरीर कर खानदाने हसन हुसैन व दिन इस्लाम की जानकारी दी। वहीं पुराना बस स्टैंड डोंगरगांव में मुस्लिम समाज के द्वारा शरबत बांटा गया। इस दौरान जमा मस्जिद इंतजामियाँ कमेटी व राजा-ए- इत्तेहाद कमेटी के नेतृत्व में आम लंगर का इंतेजाम किया गया था। वहीं अशुरे पर रोजेदारों को इफ्तार कराया गया, जिसमें सदर रफीक खत्री, अशफाक तंवर, डॉ बशीर अहम खान, शमीम, फिरोज हसन रिजवी, खान सर, नजीर तंवर, इसहाक तंवर, रियाजु सोलंकी, युनुस सिद्दीकी, आरिफ, रफीक बड़गुजर, नूर कुरैशी, गोलू कुरैशी, इरफान बड़गुजर, सद्दाम खत्री, कलाम अंसारी और इकबाल तंवर आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### मुखर्जी के सपनों को साकार किया मोदी सरकार ने

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम में मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का कार्यक्रम ग्राम सिंघोला में रखा गया। प्रमुख वक्ता भाजपा वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने डॉ. मुखर्जी के जन्म जयंती पर अपने विचार रखते कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेगा। उनके विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 35ए को खत्म कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया। उनकी जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया। उक्त आयोजन में मंडल के वरिष्ठ विवेक साहू, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में खुशबू साहू, लखनलाल साहू, पुष्पा गायकवाड, पुष्पा इके, अशोक साहू, मोती देवांगन, रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, कृष्णा साहू, हेमलाल साहू, विष्णु साहू, हमदीप साहू, सुखीराम साहू, देवल साहू, उत्तम साहू, अभिषेक चंद्राकर, महेश्वर निषाद, चोवाराम साहू, टुकेश्वर साहू सहित शक्ति केंद्र के प्रमुख के साथ बूथ के अध्यक्षगण, सरपंच एवं महिला समूह के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 13 जुलाई को रायपुर के एक होटल में संपन्न होगा। प्रदेश महासचिव रजनीश वैष्णव ने जानकारी दी कि वैष्णव समाज राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली बार बैठक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होगी। साथ ही वैष्णव समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में चरणदास महंत, बृजमोहन अग्रवाल, अरूण साव, टंकराम वर्मा, रामसुंदर दास, विजय कुमार दास, नारायण वैष्णव, भागवताचार्य निकुंज आश्रम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विष्णुदत्त शर्मा, लाल जेके दास वैष्णव, ओमप्रकाश बैरागी, पीएल बैरागी शामिल होंगे।



### चौक की मांग साहित्यकारों की अच्छी पहल



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने शहर में नवनिर्मित पारीनाला चौक को दाऊ मंदराजी के नाम पर किए जाने की मांग करने वाले लोक कलाकारों व कवि साहित्यकारों के तरफ से की गई, को एक अच्छी पहल बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी ने छत्तीसगढ़ के इस लोक कला के लिए अपना सर्वस्व त्याग किया है। उनके जन्म ग्राम रवेली और ग्राम बागनदी के दो-दो ग्राम की जमींदारी को दाऊजी ने इस लोक कला के लिए ख्वार कर दिया था।

### भोथीपारकला स्कूल में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला संकुल हरदी में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान पाठक गजाधर साहू ने अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पहली और दूसरी पढ़ने वालों बच्चों की माताएं उपस्थित थी। शिक्षक ओमप्रकाश साहू ने बच्चों की माताओं को घर में पढ़ाई का उचित वातावरण उपलब्ध कराने प्रेरित किया। माताओं ने अपने बच्चों से अंक की जानकारी, वर्ण, शब्द ज्ञान की जानकारी ली। माताओं का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गजाधर साहू, ओमप्रकाश साहू, अनिता जोशी, लिवन साहू, तनुजा साहू, तीजकुंव साहू, कोमिन ठाकुर, सुनीता साहू, बबीता साहू, दामिनी डेहरिया, रोहिणी यादव, भारती यादव, जानकी साहू, गिरिजा साहू, पूजा साहू, रूखमणी साहू, दुलेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू की उपस्थिति रही।



### विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है



**राजनांदगांव।** हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह दरगाह पारीनाला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर रचनात्मक कार्यक्रम की कड़ी में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के लिए सतत रूप से किए जा रहे विकास निर्माण कार्यों एवं क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। मोदी सरकार के बेमिसाल ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम वाइडनियर स्कूल स्थित चर्च में क्रिश्चियन समाज के सभी वरिष्ठजनों की गणमान्य उपस्थिति एवं हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह (पारीनाला) दरगाह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला राजनांदगांव द्वारा किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### अशोक बने पीएचईडी कांट्रेक्टर एसो. के जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** छग राज्य पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी की अनुशंसा पर कांग्रेस नेता अशोक पंजवानी को एसोसिएशन का राजनांदगांव जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री पंजवानी को जारी नियुक्ति पत्र में उन्हें संगठन के कार्यों एवं सिद्धांतों को दृष्टिगत रखते संगठन को मजबूती प्रदान करने और पंद्रह दिनों के भीतर जिला कार्यकारिणी का गठन करने कहा गया है। ज्ञात हो कि श्री पंजवानी पूर्व पार्षद के साथ ही शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं प्रवक्ता पद पर रहकर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों में लगातार सक्रियता

## किसानों ने पर्याप्त खाद मिलने पर जाहिर की खुशी

# खेती-किसानी के कार्यों में आई गति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जिले में खेती-किसानी के कार्यों में गति आई है और किसान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद-बीज की खरीदी कर रहे हैं। खेती के लिए किसानों में उत्साह है एवं खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता से उनमें खुशी हैं। खेतों में ट्रेक्टर से जोताई कार्य एवं रोपा लगाने का कार्य तथा अन्य किसानी कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों में शासन की योजनाओं से हर्ष व्याप्त है। सरकार द्वारा धान के साथ ही कृषक उन्नति योजना का दायरा बढ़ाते धान की फसल के साथ ही अब दलहन-तिलहन और मक्का की फसल लगाने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में खाद खरीदने पहुंचे ग्राम बागतराई के किसान पिताम्बर वर्मा ने बताया कि उनके पास 14 एकड़ जमीन है और आज उन्होंने 60 बोरी पोटाश, 4 बोरी यूरिया रासायनिक खाद खरीदा है। जिले में खेती-किसानी के लिए पर्याप्त खाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 72 हजार रुपए का ऋण शून्य दर पर लिए हैं। जिसका उपयोग खेती-किसानी के लिए करेंगे। उन्होंने शासन की कृषक उन्नति योजना की प्रशंसा करते कहा कि सरकार किसानों को धान का अच्छा मूल्य दे रही है। किसानों से कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो सराहनीय है। सरकार किसानों के हित में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को तहेदिल से धन्यवाद दिया।



### किसानों के हित में कार्य

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी के किसान नलेश्वर वर्मा ने कहा कि आज उन्होंने दो बोरी यूरिया एवं एक बोरी पोटाश खरीदा है। समितियों में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 40 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। जिसका उपयोग खेती कार्य में करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में अच्छा कार्य कर रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढाबा के किसान शंकर साहू ने 4 बोरी यूरिया, 4 बोरी पोटास, 2 बोरी पोटाश खरीदा है।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण



जिले में खेती-किसानी का कार्य जारी है। किसान सहकारी समितियों में खाद-बीज लेने के लिए प्रतिदिन आ रहे हैं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों के लिए खाद-बीज की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण है। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी समितियों में खाद-बीज की निरंतर आपूर्ति होते रहे, इसके लिए सभी अधिकारियों को समन्वय बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव प्रभात मिश्रा ने बताया कि जिले में खरीफ 2025 अंतर्गत 31070.7 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल भंडारण का 61.86 प्रतिशत है। अब तक किसानों को 26836.9 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 9050.3 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 4466 मीट्रिक टन, डीएपी 2516.5 मीट्रिक टन, एनपीके 8445.3 पोटाश 2358.9 मीट्रिक टन है। किसानों को 4233.8 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जाना शेष है। जिसमें यूरिया 359.1 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 1650.7 मीट्रिक टन, डीएपी 404.9 मीट्रिक टन, एनपीके 806.6 मीट्रिक टन, पोटाश 1012.5 मीट्रिक टन है। इसी तरह जिले में 10648.70 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है और किसानों को 9681.60 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है एवं 967.10 क्विंटल बीज का वितरण शेष है। इसके तहत जिले में 10625.10 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है और किसानों को 9668.88 क्विंटल धान का वितरण किया गया है एवं 956.22 क्विंटल धान का वितरण शेष है।

### गुरुपूर्णिमा पर मंदिर में होगा भव्य आयोजन




**राजनांदगांव।** शहर के बाबूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में इस वर्ष भी परंपरागत रूप से गुरु-शिष्य की आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक पर्व गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली है।

गुरुपूर्णिमा के दिन सुबह 8.30 बजे मां काली की पूजा-अर्चना के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे पादुका पूजन किया जाएगा। 9.30 से दोपहर 12 बजे तक गुरु-पूजन दर्शन का मुख्य आयोजन होगा। दोपहर 12 से 1 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात 1 से 2.30 बजे तक श्रमदान व सफाई अभियान के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। दोपहर 3 बजे वरिष्ठ शिष्यों द्वारा नवागंतुक सदस्यों के लिए उद्बोधन रखा गया है। 3.30 बजे गुरु आशीर्वचन और शाम 4 बजे भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

## निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण संपन्न



**राजनांदगांव।** अखिल भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव द्वारा संचालित निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण 2025 का सफलतापूर्वक 6 जुलाई को समापन किया गया।

रानीसागर तालाब में अधिक पानी होने के कारण अगले सत्र तक के लिए स्थगित किया गया। तैराकी प्रशिक्षण पर सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन अवसर पर अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक भाटिया, नायक सूबेदार बसंत राउटे, वर्तमान अध्यक्ष झा, गुमान सिंह साहू, पीयूष कुमार और अन्य पूर्व सैनिक व बच्चे एवं पालक उपस्थित हुए। उक्त जानकारी पूर्व सैनिक अंगेशर प्रसाद सिन्हा ने दी।

## रक्तदान दिवस पर चित्रांगन सम्मानित



**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में विश्व रक्तदाता दिवस को रक्तदाता संस्था सम्मान समारोह में सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सत्यम ब्लड ग्रुप द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर थैलेसीमिया, सिकलीन, मरीज और गर्भवती महिलाओं सहित राजनांदगांव के सभी ब्लड बैंक के सहयोग से हजारों पेशेन्ट को ब्लड उपलब्ध कराया और निरंतर रक्तदान और ब्लड दिलाने में विशेष सहयोग रहा।

## आंगनबाड़ी भवन बनाने करें स्थल निरीक्षण

- महापौर ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव बीते दिनों अपने कक्ष में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर आंगनबाड़ी भवन बनाने वार्डों में स्थल निरीक्षण करने तथा शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में महापौर यादव ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए स्वीकृति के अनुक्रम में वार्डों में आंगनबाड़ी भवन बनाने स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन शासन को भेजना है। जिससे आंगनबाड़ी निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में आंगनबाड़ी के लिए स्थल निरीक्षण कर नक्शा-खसरा सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिससे भवन बनाने कार्रवाई की जा सके। चूंकि कई वार्डों में आंगनबाड़ी भवन नहीं है। कई निजी भवन में आंगनबाड़ी संचालित की जा रही है, कुछ भवन जर्जर भी हो चुके हैं, जिसे ध्यान में रखकर नया आंगनबाड़ी भवन बनाना है। जिसके लिए स्थल संबंधी सभी आवश्यक कार्य कर जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

महापौर यादव ने शौचालय मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम आ गया है, बारिश में सभी शौचालय चालू रखना है, मरम्मत के शेष कार्य पूर्ण करने ठेकेदारों को निर्देशित करें, जो शौचालय मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है उसे उपयोग हेतु चालू करने संबंधित शौचालय संचालक को चाबी सौंपे।

## भगवान जगन्नाथ पहुंचे अपने मंदिर...



**राजनांदगांव।** भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आज रथ में सवार होकर जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से वापस अपने मंदिर गांधी चौक पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। भजन-कीर्तन का वातावरण निर्मित रहा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

## साल्हेवारा में अल्टो कार से अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** ग्राम रेंगाखार के फॉरेस्ट नाके के पास एक अल्टो कार से अवैध रूप से परिवहन की जा रही भारी मात्रा में शराब जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 11,200 रुपए बताई जा रही है। साल्हेवारा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि अल्टो कार क्रमांक सीजी-04-बी-7285 में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

साल्हेवारा से पैलीमेटा जाने वाले रास्ते में ग्राम रेंगाखार के फॉरेस्ट नाके के पास मुखबीर द्वारा बताई गई गाड़ी दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम ने रोक लिया। गाड़ी में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनकी पहचान शंभु जायसवाल उर्फ बिहारी (48 वर्ष) पिता कमला प्रसाद जायसवाल निवासी वार्ड नंबर 10 टिकरीपारा छुईखदान और भूपेश भांडेकर (27 वर्ष) पिता बलराम भांडेकर निवासी वार्ड नंबर 10 टिकरीपारा छुईखदान (स्थाई पता ग्राम परसुली थाना देवरी जिला बालोद) के रूप में हुई। कार को भूपेश भांडेकर चला रहा था और शंभु जायसवाल सामने की सीट पर बैठा था। पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार के अंदर से 80 पौवा जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 20 पौवा देशी शोले शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत 11,200 रुपए है। शराब को सफेद रंग की पांच छोटी बोरियों में भरकर रखी गई थी।

आरोपी शंभु जायसवाल के कब्जे से 18,000 रुपए नगद और एक की-पैड मोबाइल। जबकि भूपेश भांडेकर के कब्जे से अल्टो कार क्रमांक कीमत 20,000 रुपए और 500 रुपए नगद और एक वीवो कंपनी का टच मोबाइल जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के अलग-अलग मेमोरेंडम कथन लिए गए।

दोनों आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2022 की धारा 34(2) के तहत अपराध पाए जाने पर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त की गई शराब का सैंपल लेकर विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## 20 रु. में मिलेगा श्रीराम रसोई में भरपेट भोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

शहर के तीन स्थानों पर सेवाभावी संस्था श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति दुर्ग द्वारा श्रीराम रसोई की शुरूआत की गई है। यहां लोगों को 20 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा।

श्रीराम रसोई के शुभारंभ अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों सहित अन्य लोगों ने भोजन कर संस्था के इस पहल की सराहना की।

### तीन स्थानों पर हुई शुरूआत

श्रीराम रसोई की शुरूआत शहर के महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने और कृषि उपज मंडी में की गई है। शुभारंभ अवसर पर ही लगभग डेढ़-दो सौ लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

### दाल-चावल, रोटी-सब्जी के साथ मीठा भी

श्रीराम रसोई में लोगों को 20 में चावल, दाल, सब्जी, रोटी के साथ आचार और मीठा भी परोसा जा रहा है। शहर में नाश्ता जहां 25-30 रुपए प्लेट में बिक रही है। वहीं 20 रुपए में भरपेट भोजन मिलने से लोगों को भोजन की सुविधा मिलने के साथ ही रुपयों की बचत भी होगी।

### पहल की सराहना

शुभारंभ अवसर पर पहुंचे पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि राजनांदगांव शहर में श्रीराम रसोई की शुरूआत होने से दूर-दराज से आने वाले लोगों को 20 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। खासकर मजदूर वर्ग और ग्रामीणों को स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध होने से काफी राहत मिलेगी।

## नीलू ट्रेव्हल एडं टूरिज्म फेयर के आयोजन में होंगे शामिल



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा कल 8 जुलाई से कलकत्ता प्रवास पर रहेंगे। वे यहां आयोजित पर्यटन प्रमोशन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था फेयर फेस्ट मीडिया लिमिटेड कोलकाता द्वारा आयोजित 10 से 12 जुलाई तक ट्रेव्हल एडं टूरिज्म फेयर 2025 कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री शर्मा उक्त आयोजन में एसोसिएशन के सदस्यों से सीधे संवाद एवं बैठक कर छत्तीसगढ़ में पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा की ओर ले जाने तथा आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में पर्यटकों की संख्या में और भी वृद्धि हेतु एवं पर्यटन संबंधी विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखेंगे। साथ ही चर्चा भी करेंगे। उक्त आयोजन में भारत के विभिन्न प्रदेशों के टूर ऑपरेटर्स, ट्रेव्हल एजेंट, होटल व्यवसायी तथा पर्यटन के क्षेत्र से जुडे विभिन्न संस्थाओं व प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता किया जा रहा है। प्रदेशों के पर्यटन विभाग, पर्यटन बोर्ड आदि द्वारा विशेष रूप से इन आयोजन में भाग लिया जा रहा है।

## अतिरिक्त सचिव कुमार आज प्रवास पर

**राजनांदगांव।** अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार कल 8 जुलाई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 10 बजे ग्राम अंजोरा पहुंचेंगे तथा मल्टीयूटिलीटी सेंटर का अवलोकन करेंगे। 10.30 बजे तक ग्राम अंजोरा में श्री गणेश हर्बल गुलाल यूनिट एवं पौधरोपण कार्य का निरीक्षण करेंगे। सुबह 10.40 से 11.30 बजे तक ग्राम टेड़ेसरा में मिशन जल रक्षा एवं मनरेगा अंतर्गत रिचार्ज साफ्ट एंड इंजेक्शन वेल तथा स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योर शिप प्रोग्राम व वन स्टॉप फैसलिटी का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12 बजे कम्यूनिटी मैनेज ट्रेनिंग सेंटर पदुमतरा का अवलोकन करेंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक ग्राम पदुमतरा में जेसीबी दीदी, लखपति दीदी के साथ बैठक, महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद का अवलोकन तथा सीएमटीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

श्री कुमार दोपहर दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। श्री कुमार दोपहर ग्राम बरगा में 3.15 बजे तक मिशन जल रक्षा के तहत रिचार्ज साफ्ट एण्ड इंजेक्शन वेल का निरीक्षण करेंगे तथा पद्मश्री फूलबासन यादव से मुलाकात करेंगे तथा जल सरंक्षण हेतु चलाए जा रहे नीर एवं नारी अभियान के संबंध में चर्चा करेंगे। श्री कुमार दोपहर 3.30 बजे ग्राम सुकुलदैहान पहुंचेंगे तथा वहां कृषक उत्पादन संगठन से चर्चा करेंगे एवं ग्राम सुकुलदैहान स्थित चना प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण करेंगे तथा शाम 4.30 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### पदयात्रा में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान व जनभागीदारी का अनूठा संगम होगा: चंद्रप्रकाश

# बूढ़ामहादेव से भोरमदेव तक पदयात्रा आयोजन के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

14 जुलाई को पवित्र श्रावण मास को बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा पद यात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पद यात्रा को सफल बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सोमवार को शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्व नागरिक गण, मंदिर समिति के सदस्यगण सहित शिक्षा विभाग के सरकारी व प्राईवेट स्कूल के प्राचार्य गण के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप भोरमदेव पद यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर आवश्यक रूप से सहयोग के लिए कहा।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने समस्त नगरवासियों, युवाओं, महिला मंडलों, धार्मिक संगठनों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और अन्य सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने इस पदयात्रा के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

इस बैठक नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति गण, पार्षद गण, समाजसेवी जन, प्रबुद्व एवं वरिष्ठ नागरिकगण, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राईवेट स्कूल संघ जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास, सीबीएसई स्कूल संघ अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, प्राईवेट स्कूल संघ उपाध्यक्ष पवन देवांगन, रामशरण चंद्रवंशी के साथ अधिक संख्या में लोग उपस्थित थें।

### 14 जुलाई को निकलेगी भव्य पदयात्राः नपाध्यक्ष



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पद यात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। नगर पालिका श्री चंद्रवंशी आज जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। उन्होनें बताया कि बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक आयोजित होने वाली भव्य पदयात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होने कहा कि यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और प्रेरणादायी बनाने हेतु सभी को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा तथा सभी प्राईवेट स्कूल व सरकारी स्कूल के प्राचार्य से कहा कि सभी अपने-अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पदयात्रा में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होनें पदयात्रा से वापसी के समय स्कूल बस की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।

# कुण्डा में महाविद्यालय की स्वीकृति व स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार से ग्रामीणों में हर्ष



■ क्षेत्रवासियों ने श्रीमती भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

पंडरिया में 6 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारी बारिश के बाद उपस्थित विशाल जन समूह को वर्चुअल संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मांग पर ग्राम कुण्डा में कॉलेज भवन निर्माण की स्वीकृति एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विधानसभा में 72 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया तथा पंडरिया में कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की इसके अलावा विधायक की मांग पर रणवीरपूर में नवीन तहसील, वीरेंद्रनगर में नवीन महाविद्यालय, पंडरिया में नालंदा परिसर, ऑडिटोरियम, नगर पालिका के नवीन भवन, सड़क निर्माण सहित अनेकों कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की।

जिस पर ग्राम कुण्डा में महाविद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है, महाविद्यालय खुलने के बाद से ही भवन निर्माण की मांग की जा रही थी, शिक्षा के क्षेत्र की यह महत्त्वपूर्ण मांग पूरी हुई है, इसके साथ-साथ कुण्डा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने की घोषणा भी मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। वहीं कुण्डा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना 40 वर्षों पूर्व की गई थी, दामापुर से मोहगांव तक बहुत बड़े क्षेत्र एवं बढ़ती आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवा में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी, विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने उन्नयन की घोषणा कर क्षेत्रवासियों की बहुत बड़ी मांग पूरी कर दी है। कुण्डा ग्राम एवं क्षेत्रवासियों ने महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति हेतु विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मना



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ शासन व समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम सिंघनपुरी-कवर्धा में दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय संचालित है। जहां संस्था में कक्षा 1ली से लेकर 7वीं तक की कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ है। यहां विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दृष्टि बाधित छात्राओं को ब्रेल लिपि के माध्यम से एवं श्रवण बाधित छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करवाया जाता है। साथ ही श्रवण बाधित छात्राओं को ग्रुप हियरिंग डिवाइस के माध्यम से स्पीच थैरपी का कार्य भी करवाया जाता है। वहीं छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध है, जहां निःशुल्क भोजन, मनोरंजन, खेलकूद के साधन उपलब्ध है। वहीं नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मुंह मीठाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख देवकुमार कौशिक, शिक्षक श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा एवं श्रीमती जागेश्वरी, पत्रिका, मनहरण यादव, राजू महोबिया एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग की अवैध कच्ची महुआ मदिरा के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय-धारण के विरूद्ध सोमवार को आबकारी वृत्त बोड़ला अंतर्गत ग्राम खिरसाली में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना मिली की खिरसाली में अवैध महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा है। संदेही आरोपी लोरीक यादव पिता जगदेव यादव आयु 32 वर्ष जाति यादव निवासी खिरसाली मकान में दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर मकान से कुल 47 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बरामद किया गया। मौके पर मदिरा जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1) क, 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया

# किचन शेड का अभाव, खुले आसमान के नीचे पक रहा मध्यान्ह भोजन

### छात्राओं व रसोइयों को उठानी पड़ रही भारी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल राम्हेपुर कला में किचन शेड के अभाव में मध्यान्ह भोजन खुले आसमान के नीचे पकाने मजबूर है। जिनके कारण रसोईयों को बारिश के चलते भारी परेशानियां उठाना पड़ रहा है। स्कूल में मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए अब तक किचन शेड नहीं बनाया जा सका है, जिसके चलते विद्यार्थियों को धुएं युक्त माहौल में पढ़ाई-लिखाई करनी पड़ रही है।

खास बात यह है कि शासकीय प्राथमिक शाला राम्हेपुर कला में किचन शेड की अव्यवस्था बीते कई वर्षों से लगातार चली आ रही है, जिस पर स्थानीय प्रशासन, ब्लॉक व जिला शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों को कई बार अर्जी-विनती की गई लेकिन जिम्मेदारो को कोई लेना-देना नहीं है।

स्कूल में किचन शेड निर्माण के आभाव में धुएं युक्त माहौल में पढ़ रहे बच्चों को देखने के बाद भी किचन शेड निर्माण पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है वहीं छात्र छात्राओं में सर्दी-खांसी और एलर्जी से परेशान बच्चे नगर के सरकारी प्राथमिक में अध्ययनरत ज्यादातर बच्चे धुएं की वजह से सर्दी-खांसी और एलर्जी से पीड़ित हो रहे हैं, साथ ही धुएं का बुरा प्रभाव बच्चों के आंखों में भी पड़ रहा है। रसोईयों ने बताया कि खुले आसमान के नीचे बच्चों के लिए खाना बनाने मजबूर है।

किचन शेड नही होने के कारण रसोईयों को गर्मी, सर्दी व बरसात में खुले आसमान के नीचे लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियो के मध्यान्ह भोजन पकाने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणो व पालक गणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा मध्यान्ह कक्ष का नव-निर्माण कार्य कराएं जाने की मांग की गई, ताकि मध्यान्ह भोजन पकाने में रसोइयों को राहत मिल सके और मध्यान्ह भोजन सुरक्षित रह सके।

# सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज की पर्याप्त आपूर्ति ने खेती-किसानी की बढ़ाई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में खरीफ वर्ष 2025 के अंतर्गत किसानों को समय पर रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और कृषि विभाग के सतत प्रयासों से अब तक कुल निर्धारित 55.864 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 39.322 मीट्रिक टन खाद का भण्डारण और 35.201 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। यह आंकड़ा कुल लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के विशेष निर्देशों के अंतर्गत जिले की सभी प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति और भंडारण की कार्यवाही सुनियोजित ढंग से की जा रही है। जिले में स्थापित डबल लॉक केन्द्रों में वर्तमान में 3.128 मीट्रिक टन खाद सुरक्षित भण्डारित है। कृषकों की मांग के अनुसार खाद की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को डीएपी खाद के साथ-साथ वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एनपीके एवं एसएसपी की ओर भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मैदानी अमलों द्वारा गांव-गांव जाकर कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वैकल्पिक खादों का उठाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पौध अवस्था के अनुसार खाद जैसे यूरिया का छिड़काव समय पर किया जाए। खरीफ मौसम के शेष तीन महीनों के दौरान यूरिया और एनपीके की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी और कृषि विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर कंपनियों एवं वरिष्ठ कार्यालयों से लगातार संवाद किया जा रहा है।



# क्षेत्र में कुबोट हाईटेक मशीनों से धान रोपा लगा रहे, किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते हैं और कबीरधाम जिले को कृषि प्रधान जिले के नाम से जाना जाता है। जिले में पिछले दिनों से लगातार हल्की तेज बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में अब धान फसल की रोपाई कार्य में तेजी आई है।

वहीं खेतों में रोपाई के लिए धान फसल की थरहा तैयार हो गया है, रोपाई के लिए अनुकूल मौसम मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीण किसान सुबह से शाम तक धान की रोपाई कार्य रफ्तार पकड़ लिया है। क्षेत्र में एक तरफ किसान मजदूरों से धान की रोपाई कार्य कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जिन किसानों को मजदूर नहीं मिल रहा है। धान फसल की रोपाई के लिए वह कुबोट हाईटेक मशीन से धान की रोपाई कार्य करा रहे हैं। ग्राम सोनबरसा के किसान संतोष कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप व दौजरी के किसान नारायण चंद्रवंशी ने बताया कि कुबोट हाईटेक मशीन से एक एकड़ खेत में मात्र 2 घंटे के भीतर धान फसल की रोपाई कार्य पूर्ण हो जाता है वहीं 2 घंटे में चार लीटर पेट्रोल की खपत होती है। वहीं मजदूरों द्वारा धान फसल की रोपाई कार्य में एक एकड़ के हिसाब से 7000 रुपए का खर्च आता है। जबकि अब कुबोट हाईटेक मशीन से धान फसल की रोपाई मशीन से मात्र 500 में काम हो जाता है। मशीनों द्वारा धान की रोपाई से समय के साथ साथ पैसे की बचत होता है।

### खेती किसानी कार्य में आई तेजी

वैज्ञानिक व अत्य आधुनिक मशीनों के विकसित होने से कृषि के क्षेत्र में नई-नई खोज और आविष्कार होने से कृषि खेती किसानी कार्य में तेजी आई है। क्षेत्र में नई-नई तरीकों से फसल पैदावार करने की नई-नई मशीनों का आविष्कार से कृषि के क्षेत्र में लगातार चमत्कार आ चुके हैं जिनके कारण से वर्तमान में किसानों ने वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य करने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी के लिए वैज्ञानिक तरीके से कृषि उपकरण से समय के साथ पैसा की बचत होने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधार आई है।

### नवोदय में परीक्षा के लिए 29 तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम 29 जुलाई 2025 निर्धारित है। परीक्षा कबीरधाम जिले के अंतर्गत स्थित सभी सरकारी एवं गैरसरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्राचार्य नंदकिशोर लांजेवार ने बताया कि अभ्यर्थी कबीरधाम जिले, का निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य दोनों तिथियां शामिल होनी चाहिए। विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा तिथि 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी।

### ग्राम विकास एवं स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहाः हरेन्द्र चंद्राकर

# कुण्डा में नालियों की सफाई, अभियान शुरु








हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुण्डा में युवा सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा महा सफाई अभियान की शुरुआत शुक्रवार को की गई। जिसमें सरपंच हरेंद्र चंद्राकर एवं उपसरपंच मुमताज अहमद एवं समस्त पंचगणों ने मुख्य मार्ग सहित सभी वार्डो में व सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों साथ ही साथ गलियों में घूमकर नलियों का निरीक्षण कर सफाई का जायजा लिया एवं सफाई कार्य का आगाज किया। ग्राम पंचायत कुण्डा में युवा एवं सक्रिय सरपंच हरेंद्र चंद्राकर साथ में अनुभवी उपसरपंच मुमताज अहमद के रूप में एवं समस्त पंचगण, युवा वर्ग व सक्रिय मिला है जो आपसी समन्वय में ग्राम की विकास एवं स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुण्डा के मुख्य एवं राष्ट्रीय राज्य मार्ग बिलासपुर-जबलपुर मार्ग के दोनों ओर निर्मित गहरा नाली विगत कई वर्षों से सफाई के अभाव के कारण गंदगी से अटा था। जिसे सरपंच, उपसरपंच एवं समस्त पंचगणों ने पैदल घूमकर निरीक्षण कर नालियों की जेसीबी से सफाई की शुरुआत की। वही सरपंच व उपसरपंच एवं पंचों ने नाली पर से अतिक्रमण हटवाकर नालियों का बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराकर एवं मार्ग की साइड सोल्डर से दुकानदारों के द्वारा रखे समानों को हटाने व्यापारियो से आग्रह कर ग्राम विकास स्वच्छता में सहयोग देने की अपील की गई।

### ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाना प्राथमिकताः चंद्राकर

युवा सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराना मेरा प्रथम प्राथमिकता है। कुण्डा के गणमान्य नागरिकों ने जो मेरे ऊपर विश्वास करके मुझे चुना है, मैं उस विश्वास में खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा मेरा उद्देश्य ग्रामीणों के हर घर तक शुद्धपेय पहुंचना हर पात्र-हितग्राहियों को राशन मिले हर पात्र हितग्राहियों को पेंशन मिले एवं हर पात्र-हितग्राहियों प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिले। तालाबों की सौंदर्यीकरण एवं मुक्तिधाम में आहता व सौंदर्यीकरण हो 50 बिस्तर अस्पताल एवं महाविद्याल के खुद भवन हो इसके लिए मै क्षेत्रीय विधायक भावना से स्वीकृति प्रदान करने की आग्रह किया।

### स्वच्छ भारत के तहत कुण्डा को स्वच्छ रखेंगेः मुमताज अहमद

ग्राम पंचायत कुण्डा के अनुभवी उपसरपंच मुमताज अहमद ने कहा जो वार्डवासियों एवं पंचों ने विश्वास कर मुझे उपसरपंच बनाया है, मैं वो विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। सरपंच एवं पंचगणों की आपसी तालमेल से हमारा ग्राम विकास के पथ अग्रसर रहेगा, हामार प्रथम प्राथमिकता रहेगा हमारा ग्राम स्वच्छ एवं सुंदर हो।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल नंबर की अनिवार्यता में दी गई छूट

**कवर्धा।** प्रदेश के श्रम विभाग अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन के लिए मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही भी जिनके पास मोबाइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। हितग्राहियों की इसी परेशानी को देखते हुए अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छूट दी गई है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। शासन का यह राहत भरा कदम है। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लेकर विभाग को निर्देश जारी किए गए है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समझी महाविद्यालयीन छात्राओं की पीड़ा

## महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए पांच निःशुल्क बसों का शुभारंभ, बीरेन्द्र नगर में खुलेगा महाविद्यालय, कुण्डा में बनेगा नवीन महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रविवार का दिन विधानसभा पंडरिया क्षेत्र की जनता के लिए सौगातों भरा रहा। क्षेत्रीय विधायक तथा जनसेविका श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से जहां क्षेत्र की महाविद्यालयीन छात्राओं को पांच निःशुल्क बस सेवा की सौगात मिली वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मांग पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणवीरपुर में नवीन उप तहसील, आगामी शिक्षा सत्र से वीरेन्द्र नगर में महाविद्यालय, पंडरिया में 250 सीटर नवीन नालंदा परिसर, कुण्डा में महाविद्यालय के लिए नवीन भवन, पंडरिया में नवीन नगर पालिका भवन निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए के विशेषरा नाला स्थित पुल से हरिनाला तिराहा तक 2.1 किमी मार्ग का चौड़ीकरण एवं 4 लेन में उन्नयन की घोषणा की। इसके अलावा पंडरिया क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति तथा सांसद संतोष पाण्डेय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी की मौजूदगी में 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। माना जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा ने अपने महज 18 माह के अल्प विधायकी कार्यकाल में जनभावनाओं के अनुरूप इतनी बड़ी सौगातें क्षेत्र की जनता को दी हैं जो शायद क्षेत्र की जनता ने भी नहीं सोचा होगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह कटू सत्य है कि पंडरिया विधानसभा जैसे बड़े क्षेत्र में महाविद्यालयों की संख्या कम होने के बाद अधिकांश बालिकाओं को अपने गांव घर से महाविद्यालयों की दूरी के चलते या तो हायर सेकेण्डरी के बाद महाविद्यालयीन स्तर की पढ़ाई छोड़नी पड़ जाती थी या फिर वे अनियमित दाखिला लेकर महाविद्यालयीन पढ़ाई करने मजबूर हो जाती थी। लेकिन पंडरिया की संवेदनशील महिला विधायक भावना बोहरा ने बालिकाओं की इस समस्या और पीड़ा को महसूस करते हुए इसका एक शानदार रास्ता निकालते हुए पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए पांच निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ की। लोगों की माने तो इस बस सेवा के प्रारंभ होने से न सिर्फ महाविद्यालयीन छात्राओं को लाभ मिलेगा बल्कि वे छात्राएं भी महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने आगे आएंगी जिन्होने महाविद्यालय की दूरी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने का मन बना लिया था। महाविद्यालयीन छात्राओं को यह तो पता था कि पंडरिया क्षेत्र में उनके लिए पांच निःशुल्क बसों का शुभारंभ किया जा रहा है लेकिन उनके लिए सोने पर सुहागा तब हो गया जब क्षेत्रीय विधायक की मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आगामी शिक्षा सत्र से वीरेन्द्र नगर में महाविद्यालय खोले जाने तथा कुण्डा में महाविद्यालय के लिए नवीन भवन की घोषणा की। निश्चित रूप से यह पंडरिया विधानसभा के विकास के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से एक नया अध्याय लिखा गया है।

### विधायक भावना बोहरा प्रदेश सरकार के प्रति जताया आभार



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा में 72 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हुआ है, साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत 600 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके सपनों को साकार करने का यह क्षण उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। हरिनाला पुल का निर्माण और बाईपास जैसे बहुप्रतीक्षित कार्यों को गति मिली है, जो भाजपा सरकार की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

**समस्या:** बारिश ने खोली तथा कथित विकास के दावों की पोल

# बारिश के पूर्व जिम्मेदारों ने नहीं दिखाई संवेदनशीलता, अब राहगीर हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन, विभिन्न जनसुविधाओं की घोषणा निश्चित रूप से प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करती है। लेकिन वर्षाकाल के प्रारंभ होने के साथ ही जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों से, विकास की रीढ़ मानी जाने वाली सड़कों की जो तस्वीरें सामने आ रही है वह शासन-प्रशासन और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की संवेनशीलता पर सवाल खड़े करते दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कों ने क्षेत्रवासियों की राह में रोढ़ा खड़ा कर दिया है। आलम ये है कि जिले के कई ईलाकों की सड़कें तो इतनी जर्जर और खस्ताहाल हैं कि वर्षाकाल में इन सड़कों पर वाहनो का चलना तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। जबकि सूखे के दिनो में ही अपने क्षेत्र की इन खस्ताहाल और जर्जर सड़कों से वर्षाकाल के दौरान उत्पन्न होने वाली इस तरह की समस्या की आशंका को भांपते क्षेत्रवासियों ने सड़क नवीनीकरण से लेकर सड़क मरम्मत की मांग को लेकर गुहार लगाना शुरू कर दिया था। लेकिन क्षेत्र के शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की इसे घोरलापरवाही, उदासीनता व असंवेदनशीलता ही कहें की उन्होने न तो क्षेत्रवासियों की गुहार पर कान दिए और न ही इन खस्ताहाल व जर्जर सड़कों से वर्षाकाल में उत्पन्न होने वाली लोगों की पीड़ा को महसूस किया। नतीजा आज सबके सामने है। पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेंड्रीकला, हथमुड़ी तक की सड़क, ग्राम कुआंमालगी से अमलीमालगी तक लगभग 3 किलो मीटर की सड़क से लेकर ऐसी कई सड़कें है जो बारिश के इन दिनो में चलने के लायक नहीं रह गई है। इन सड़कों में निर्मित हो चुके बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। जिससे वाहन चालक गड्ढों की गहराई का अंदाजा ही नहीं लगा पा रहे हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा वर्षाकाल के इस सीजन में इन खस्ताहाल सड़कों से विद्यार्थियों, जरूरत मंद मरीजों के लिए एम्बुलेंस, महतारी एक्सप्रेस जैसे अतिआवश्यक वाहनो के आने जाने में भारी समस्या हो रही है। जिसका खामियाजा लोगों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है।

### वर्षा पूर्व कम से कम गड्ढे तो भरे ही जा सकते थे?

हालांकि सुनने में तो ये भी आ रहा है कि कई खस्ताहाल सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृति शासन से मिलने के महिनो बाद भी उनका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। खैर हो सकता है कि इसका भी कोई बाजिब कारण हो। लेकिन माना जा रहा है कि शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग, क्षेत्रीय सांसद, क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच जैसे तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, थोड़ी भी संवेदनशीलता दिखाते तो कम से कम वर्षाकाल के पूर्व एक अभियान चलाकर इन खस्ताहाल सड़कों के गड्ढों को तो भरा ही जा सकता था। अगर ऐसा किया जाता है तो क्षेत्र के लोगों को वर्षाकाल के सीजन में इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।





# कलेक्टर ने कान पकड़वाने की गलती स्वीकार कर खेद जताया

- कलेक्टर के अनुरोध पर टीचर्स एसोसिएशन ने मामले को किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों को कलेक्टर द्वारा कान पकड़वाने की घटना को लेकर चल रहे विवाद अब समाप्त हो गया है। विगत तीन जुलाई को घटित कान पकड़वाने की घटना को जिले के एक मात्र संगठन छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने अनुचित व सिविल सेवा आचरण संहिता के विरुद्ध बताया था। इसके बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के दस हजार कर्मचारियों-अधिकारियों सहित प्रदेशभर के पांच लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा के लिए स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग किया था। इस मामले की समाप्ति तब हुआ जब एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को सायं स्वयं फोन कर चर्चा के लिए कलेक्टर बंगला बुलाया, जिसके बाद एसोसिएशन की जिला टीम के साथ कलेक्टर ने रात्रि 7.30 बजे से लगभग डेढ़ घंटे तक विस्तार से चर्चा कर कान पकड़वाने की घटना के लिए खेद जताया। टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के बेलगाम अधिकारियों पर कर्मचारी हित में उचित वक्त पर लगाम लगाने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, कैलाश शर्मा, राजकिरण चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजू चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### 42 कर्मचारियों पर नहीं होगा कार्रवाई

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के 42 कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध समय पर उपस्थित नहीं होने को लेकर विगत तीन जुलाई को नोटिस जारी किया गया था, जिसे लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगा। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने चर्चा के दौरान अपने संघ के पदाधिकारी व सदस्य शिक्षकों के विरुद्ध किसी भी अधिकारी द्वारा दुर्भावनावश कोई कार्यवाही नहीं करने की मांग रखा, जिस पर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया है।

### दम तोड़ती धान की फसल में आई जान



**कोलेगांव।** बीते दो-तीन दिनो से कोलेगांव सहित आसपास के ईलाकों में हो रही हल्की तेज बारिश से सिंचाई के आभाव में दम तोड़ रही असिंचित क्षेत्र की धान की फसल में अब जान सी आ गई है। वहीं बीते करीब दो हप्ते से आसमान की ओर टकटकी लगाए फसल को लेकर बेहद चिंतित किसानो ने फिलहाल राहत की सांस ली है। लेकिन फिर भी किसानो की माने तो धान की बोआई के बाद असिंचित क्षेत्र में बारिश के आभाव से धान को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई अब संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि करीब धान बोआई के करीब हप्तेभर से अधिक समय से जारी सूखे की स्थिति के बीच बीते दो-तीन दिन से कोलेगांव सहित आसपास के ईलाकों में हल्की तेज बारिश हो रही है। जिससे सार्वधिक फायदा असिंचित क्षेत्रों में दम तोड़ रही धान की फसल को हुआ है। किसानों की माने तो निश्चित रूप से इस समय हो रही बारिश धान के लिए अमृत से कम नहीं है। इससे धान की फसल को काफी फायदा होगा। किसानो ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी मौसम उन पर इसी तरह से मेहरबान रहेगा।

# गोपालभावना स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूल को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सत्र भर संचालित करने, बच्चों को अपने पदानुरूप जिम्मेदारी का बोध कराने की दिशा में गत दिनो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालभावना संकुल केन्द्र नवघटा में बाल कैबिनेट का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बाल मन में समझ विकसित करते मतदान प्रक्रिया से किया गया। प्रधान पाठक रामबिलास पोर्टे ने बताया कि लोकतंत्र में जनता अपनी सरकार मतदान कर स्वयं चुनती है। इसी अंदाज में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपाल भवना में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान की आयु निर्वाचन, प्रक्रिया, प्रतिनिधि का चुनाव, मतदान के लिए आवश्यक तैयारी, चुनाव आयोग के कार्य, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष निर्वाचन चुनाव आदि की जानकारी प्रदान की गई।



तत्पश्चात प्रत्यक्ष रूप से दो पदों के लिए मतदान की गतिविधि सम्पन्न कराई गई। जिसमें शाला नायक चंचल साहू कक्षा आठवी, उप शाला नायक देविका चंद्राकर कक्षा सातवीं को चुना गया। शेष पदों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से चयन प्रकिया अपनाते पदाधिकारियों को निर्विरोध मनोनित किया गया। जिसमें सचिव असरानी धुर्वे, विज्ञान सचिव खुशी यादव, सांस्कृतिक सचिव रोहाणी धुर्वे, स्वच्छता सचिव तोकेश्वरी चंद्राकर, क्रीड़ा सचिव दीपिका धुर्वे, स्वास्थ्य सचिव बम्लेश्वरी पटेल, साहित्यिक सचिव ओमकार चंद्राकर, छात्रा प्रतिनिधि इंद्राणी निषाद, कक्षा नायक आठवीं जगतनाथ साहू, उप कक्षा नायक जया नेताम, कक्षा सातवीं कक्षा नायक सोनम नेताम,उप कक्षा नायक अक्षय चन्द्राकार, कक्षा छठवीं से कक्षा नायक धर्मेंद्र कुमार कश्यप, उप कक्षा नायक लक्ष्मी यादव को मनोनित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि बाल कैबिनेट गठन उपरांत बच्चों को अनुशासन अनुरूप कार्य व्यवहार करने मेरी शाला उत्कृष्ट शाला की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाने शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक आसकरण धुर्वे, संस्था के प्रधान पाठक रामबिलास पोर्टे, शिक्षक अशोक कुमार चंद्रवंशी, भागवत प्रसाद चंद्रवंशी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सब्जियों के भाव में उछाल...



**कवर्धा।** लगातार की बारिश ने बड़ाए हरी सब्जियों के दाम।

**कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को मेडिकल, ठहरने सहित मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध**

# कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को मिलेगी विशेष सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल एवं निर्देशानुसार प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी श्रावण माह में आयोजित कांवड़ यात्रा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले से अमरकंटक की ओर प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों के लिए व्यापक और विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्य अमरकंटक स्थित मृत्युञ्जय आश्रम में कांवड़ियों के ठहरने, भोजन, स्वल्पाहार, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों की सुविधा के लिए पूरे आश्रम परिसर में जलप्रबंध, रात्रि विश्राम हेतु शयन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा हेतु प्राथमिक उपचार केन्द्र तथा शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही मार्गदर्शन एवं सूचना के लिए प्रमुख स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में इस जनसेवा कार्य में जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, दौवा गुप्ता, निशांत झा, सुधीर केशरवानी, मंजीत बैरागी, निर्मल द्विवेदी एवं रामसिंह ठाकुर व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं। ये सभी सदस्य लगातार स्थल पर व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय कर रहे हैं, ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सावन माह में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जब प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कबीरधाम जिले के डोंगरियां, भोरमदेव और बूढ़ा महादेव जैसे पवित्र स्थलों तक कांवड़ यात्रा करते हुए पहुँचते हैं। यह धार्मिक यात्रा केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# मुख्यमंत्री के दौरे में मिले आवेदनों की समीक्षा के लिए होगी समय-सीमा बैठक

- ग्राम दलदली में 08 जुलाई को लगेगा विशेष फॉलो-अप शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 6 मई 2025 को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्राम दलदली का दौरा किया गया था।

इस दौरान ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इन आवेदनों की प्रगति की समीक्षा, त्वरित निराकरण और मुख्यमंत्री के आश्वासन, घोषणाओं के पालन की स्थिति का परीक्षण करने के लिए 08 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत दलदली में विशेष फॉलो-अप शिविर और समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक भी शिविर स्थल पर ही आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त समस्त आवेदनों का मौके पर परीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो। उन्होंने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि इस बैठक में यह स्पष्ट होगा कि बीते दो माह पूर्व क्षेत्र के लोगों द्वारा सीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई शिकवा, शिकायतों व मार्गो पर प्रशासन तथा संबंधित विभागों द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की है।